Roll No.
रोल नं.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

# Series SHC

**Code No. कोड नं. 64/1**

- Please check that this question paper contains 8 printed pages + 2 Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 19 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 8 + 2 मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 19 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

# GEOGRAPHY (Theory)
# भूगोल (सैद्धान्तिक)

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks: 70*
*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 70*

***General Instructions :***

(i) *There are **19** general questions.*

(ii) *All questions are compulsory.*

(iii) *Marks for each question are indicated against it.*

(iv) *Questions number **1** to **10** are short-answer questions carrying **3** marks each. Answer to each of these questions should not exceed **80** words.*

(v) *Questions number **11** to **15** are also short-answer questions of **4** marks each. Answer to each of these questions should not exceed **120** words.*

(vi) *Questions number **16, 17** and **18** are long-answer questions of **5** marks each. Answer to each of these questions should not exceed **150** words.*

(vii) *Question number **19** contains test items of very short-answers. It is of **5** marks.*

(viii) *Outline maps of the **World** and **India** provided to you must be attached with your answer-book.*

(ix) *Use of **templates** or **stencils** for drawing outline maps is allowed.*

***सामान्य निर्देश :***

(i) *सामान्य प्रश्नों की कुल संख्या **19** है।*

(ii) *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

(iii) *प्रत्येक के सामने उसके अंक दिये हैं।*

(iv) *प्रश्न संख्या **1** से **10** तक लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के **3** अंक हैं। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(v) *प्रश्न संख्या **11** से **15** तक भी लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक के **4** अंक हैं। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(vi) *प्रश्न संख्या **16, 17** और **18** लम्बे-उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक के **5** अंक हैं। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(vii) *प्रश्न संख्या **19** में अति लघु-उत्तरों की परीक्षण मदें शामिल हैं। यह प्रश्न **5** अंक का है।*

(viii) ***संसार** और **भारत** के दिये गये रेखा-मानचित्रों को अपनी उत्तर-पुस्तिका में अवश्य नत्थी कीजिए।*

(ix) *रेखा-मानचित्र बनाने के लिये **साँचों** या **स्टेंसिलों** के प्रयोग की अनुमति दी जाती है।*

**1.** Divide the subject matter of Human Geography into two sections, according to Finch and Trewartha. Write two main features of each section. 1+2=3

फिंच और ट्रिवार्था के अनुसार मानव भूगोल की विषय-वस्तु को दो वर्गों में बाँटिए। प्रत्येक वर्ग की दो-दो मुख्य विशेषताएँ लिखिए।

**2.** Define the term 'Foraging'. Write its four characteristics. 1+2=3

'चरवाही-जीवन' शब्द की परिभाषा दीजिए। इसकी चार विशेषताएँ लिखिए।

**3.** State any three characteristics of air transport. Which are the three major regions of the world having very dense network of airways ? 1½+1½=3

वायु परिवहन की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। संसार के तीन प्रमुख प्रदेश कौनसे हैं, जिनमें वायुमार्गों का अति सघन जाल है?

**4.** Describe the three components of systematic planning needed for resource development in India. 3×1=3

भारत में संसाधन विकास के लिए आवश्यक सुव्यवस्थित नियोजन के तीन घटकों का वर्णन कीजिए।

**5.** Describe any three features of export trade of India during 1960-61 and 2000-01. 3×1=3

1960-61 और 2000-01 की अवधि में भारत के निर्यात व्यापार की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए।


**6.** Explain the three components that set the international trade pattern in the world. 3×1=3

संसार में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रतिरूप को निर्धारित करने वाले तीन अवयवों की व्याख्या कीजिए।

**7.** Explain any three factors which have contributed to the industrial development of 'Hugli Industrial Region'. 3×1=3

'हुगली औद्योगिक प्रदेश' के औद्योगिक विकास में योगदान देने वाले किन्हीं तीन कारकों को स्पष्ट कीजिए।

**8.** Study the diagram given below and answer the questions that follow :




(8.1) Give an appropriate title to the given diagram.

(8.2) How is rainwater recharged through this technique ? Explain. 1+2=3

ऊपर दिए गए आरेख का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(8.1) दिए गए आरेख के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

(8.2) इस तकनीक के द्वारा वर्षा-जल का पुनर्भरण किस प्रकार होता है ? स्पष्ट कीजिए।

***Note :*** *The following question is for the* ***Blind Candidates*** *only in lieu of Q. No. 8.*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 8 के स्थान पर है।*

What is rainwater harvesting ? State any four objectives of rainwater harvesting. 1+2=3

वर्षा-जल संग्रहण किसे कहते हैं? वर्षा-जल संग्रहण के किन्हीं चार उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।

**9.** Study the table given below and answer the questions that follow :

**Global Land Use Changes (Area in Million Hectares)**

| *Broad Land Uses* | *1700* | *1850* | *1920* | *1950* | *1980* | *2000* |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Forests | 6214 | 5965 | 5678 | 5389 | 5053 | 3454 |
| Grasslands | 6860 | 6837 | 6748 | 6780 | 6788 | 3427 |
| Croplands | 265 | 537 | 913 | 1170 | 1501 | 1512 |

(9.1) Under which land use category has the land area decreased most between 1700 and 2000 ? How much has it decreased ?

(9.2) Which land use category shows increasing tendency regularly in all the years ? What is the total increase in the area in this category between 1700 and 2000 ?

(9.3) Give one reason for increasing trend in the area of croplands. 1+1+1=3

नीचे दी गई सारणी का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**विश्व-स्तर पर भू-उपयोग परिवर्तन (क्षेत्रफल दस लाख हेक्टेयर में)**

| प्रमुख भू-उपयोग | *1700* | *1850* | *1920* | *1950* | *1980* | *2000* |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वन | 6214 | 5965 | 5678 | 5389 | 5053 | 3454 |
| घासभूमि | 6860 | 6837 | 6748 | 6780 | 6788 | 3427 |
| फसल-क्षेत्र | 265 | 537 | 913 | 1170 | 1501 | 1512 |

(9.1) 1700 और 2000 की अवधि में किस भू-उपयोग वर्ग के अन्तर्गत भू-क्षेत्र सबसे अधिक घटा है ? यह क्षेत्र कितना घटा है?

(9.2) कौनसा भू-उपयोग वर्ग सभी वर्षों में निरंतर बढ़ती हुई प्रवृत्ति को प्रदर्शित करता है? 1700 और 2000 की अवधि में इस वर्ग के अन्तर्गत कुल क्षेत्र कितना बढ़ा है?

(9.3) फसल-क्षेत्र के अन्तर्गत क्षेत्रफल में बढ़ती हुई प्रवृत्ति का एक कारण दीजिए।

***Note :*** *The following question is for the **Blind Candidates** only in lieu of Q. No. 9.*


***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 9 के स्थान पर है।*

Why is rice called a labour intensive crop ? Give three reasons. 3×1=3

चावल को श्रम प्रधान फसल क्यों कहा जाता है? तीन कारण दीजिए।

**10.** Study the diagram given below and answer the questions that follow :

**India : Consumption of Electricity (in Percentage)**





(10.1) Which sector is the greatest consumer of electricity in India ? Write its consumption in percentage.

(10.2) Name the two other major consumers of electricity. Write the percentage of consumption of each. 1+2=3

नीचे दिए गए आरेख का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**भारत: बिजली का उपभोग (प्रतिशत में)**




(10.1) भारत में कौनसा क्षेत्र विद्युत् का सबसे बड़ा उपभोक्ता है ? इसके उपभोग को प्रतिशत में लिखिए।

(10.2) अन्य दो प्रमुख विद्युत् उपभोक्ताओं के नाम बताइए। प्रत्येक का उपभोग प्रतिशत में लिखिए।

***Note :*** *The following question is for the **Blind Candidates** only in lieu of Q. No. 10.*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 10 के स्थान पर है।*

State any three points of importance of non-conventional sources of energy in India. 3×1=3

भारत में अपारंपरिक ऊर्जा के स्रोतों का महत्त्व किन्हीं तीन बिन्दुओं में बताइए।

**11.** State any eight effects of air pollution on environment in India 8×½=4

भारत में पर्यावरण पर वायु प्रदूषण के किन्हीं आठ प्रभावों का उल्लेख कीजिए।

**12.** Explain any two physical and two economic factors that influence mining activities in the world. 2+2=4

संसार में खनन क्रियाओं को प्रभावित करने वाले किन्हीं दो भौतिक और दो आर्थिक कारकों को स्पष्ट कीजिए।


**13.** Explain two main features each of the four types of rural settlements found in India. 4×1=4


भारत में पाई जाने वाली चार प्रकार की ग्रामीण बस्तियों की दो-दो प्रमुख विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

**14.** Explain any four factors which have influenced the distribution pattern of railway network in India. 4×1=4

भारत में रेल जाल वितरण प्रतिरूप को प्रभावित करने वाले किन्हीं चार कारकों को स्पष्ट कीजिए।

**15.** Study the map given below and answer the questions that follow :




(15.1) Name the important inland waterway shown in the map.

(15.2) Name the terminal ports of this inland waterway.

(15.3) Name the country through which this inland waterway passes.

(15.4) Write any two characteristics of this inland waterway. 1+1+1+1=4

ऊपर दिए गए मानचित्र का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(15.1) मानचित्र में दिखाए गए महत्त्वपूर्ण अन्तःस्थलीय जलमार्ग का नाम बताइए।

(15.2) इस अन्तःस्थलीय जलमार्ग के अन्तिम पत्तनों के नाम बताइए।

(15.3) जिस देश से यह अन्तःस्थलीय जलमार्ग गुज़रता है, उस देश का नाम बताइए।

(15.4) इस अन्तःस्थलीय जलमार्ग की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

***Note :*** *The following question is for the* ***Blind Candidates*** *only in lieu of Q. No. 15.*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 15 के स्थान पर है।*

Explain any four main characteristics of Suez Canal. 4×1=4

स्वेज नहर की किन्हीं चार मुख्य विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

**16.** Define the term 'Population Growth'. Describe any two components that make population change in the world. 1+2+2=5

'जनसंख्या वृद्धि' शब्द की परिभाषा दीजिए। संसार में जनसंख्या परिवर्तन करने वाले किन्हीं दो घटकों का वर्णन कीजिए।

**17.** "Over-urbanisation in developing countries has given rise to slums and squatter settlements making urban life miserable the world over." Support this statement with five suitable examples. 5×1=5

''अति नगरीकरण ने विकासशील देशों में झुग्गी-झोपड़ियों और मलिन बस्तियों को जन्म दिया है जिसने संसार भर में वहाँ के नगरीय जीवन को दुखद बना दिया है।'' इस कथन की पाँच उपयुक्त उदाहरणों सहित पुष्टि कीजिए।

**18.** Define the term 'Density of Population'. Explain any four physical factors with suitable examples that affect the distribution of population in India. 1+4=5

'जनसंख्या घनत्व' शब्द की परिभाषा दीजिए। भारत में जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले किन्हीं चार भौतिक कारकों को उपयुक्त उदाहरणों की मदद से स्पष्ट कीजिए।

**19.** (19.1) In the given political outline map of the **World** (on page 9) four features are shown as A, B, C and D. Identify them with the help of the map legend and write their correct names on the dotted lines marked on the map. 4×½=2

(19.2) On the given political outline map of **India** (on page 11) provided to you, locate and label the following with appropriate symbols : 3×1=3

(i) The state with highest literacy rate.

(ii) An important copper mining centre in Rajasthan.

(iii) The steel plant set up in the public sector in Andhra Pradesh.

(19.1) दिए गए **संसार** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 9) में चार लक्षण A, B, C और D से दिखाए गए हैं। मानचित्र की कुंजी की सहायता से उन्हें पहचानिए और मानचित्र में अंकित खंडित रेखाओं पर उन लक्षणों के सही नाम लिखिए।

(19.2) आपको दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11) में निम्नलिखित की स्थिति उपयुक्त चिह्नों द्वारा दिखाइए और नाम लिखिए :

(i) सर्वाधिक साक्षरता दर वाला राज्य।

(ii) राजस्थान में ताँबे का महत्त्वपूर्ण खनन केन्द्र।

(iii) आंध्र प्रदेश में सार्वजनिक क्षेत्र में स्थापित इस्पात संयंत्र।

***Note :*** *The following question is for the **Blind Candidates** only in lieu of Q. No. 19.*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 19 के स्थान पर है।*

(19.1) Name the most populated country of Europe.

(19.2) Which is the largest sugarcane producing country in South America ?

(19.3) Name the state of India with the highest literacy rate.

(19.4) Name the most important copper mining centre in Rajasthan.

(19.5) Name the steel plant set up in the public sector in Andhra Pradesh.

(19.1) यूरोप के सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश का नाम बताइए।


(19.2) दक्षिण अमेरिका में गन्ने का सबसे बड़ा उत्पादक देश कौनसा है ?


(19.3) भारत में सबसे अधिक साक्षरता दर वाले राज्य का नाम बताइए।

(19.4) राजस्थान में ताँबे के सबसे महत्त्वपूर्ण खनन केन्द्र का नाम बताइए।

(19.5) आंध्र प्रदेश में सार्वजनिक क्षेत्र में स्थापित इस्पात संयंत्र का नाम बताइए।

# THE WORLD POLITICAL
# संसार राजनीतिक




INDIA POLITICAL
भारत राजनीतिक